कक्षा–12 NCERT राजनीति विज्ञान (समकालीन विश्व राजनीति)
अध्याय–03 (समकालीन विश्व में अमेरिकी वर्चस्व) नोट्स भाग–1

Youtube Channel Name : Siddhi Vinayak Sangaria

Channel Link- https://www.youtube.com/channel/UCJlUDM0uPIL7kEO0ZMdDcHg

Telegram link - https://t.me/siddhivinayaksangariamukesh (Siddhi Vinayak Sangaria)

Political Science Video Playlist Link-

https://www.youtube.com/watch?v=T1_JmzbsaAM&list=PLIlq5TfwxGWF7iVqpMJgSuc6OVr8kERaU

---

1. **वर्चस्व के विषय में निम्न में से कौनसा कथन गलत है?**
   (1) इसका अर्थ किसी एक देश का नेतृत्व है
   (2) इस शब्द का इस्तेमाल प्राचीन यूनान में एथेंस की प्रधानता को चिह्नित करने के लिए किया जाता था
   (3) वर्चस्वशील देश की सैन्य शक्ति अजेय होती है
   (4) वर्चस्व की स्थिति नियत होती है, जिसने एक बार वर्चस्व कायम कर लिया उसने हमेशा के लिए वर्चस्व कायम कर लिया
2. **नाइन इलेवन घटना का संबंध किस देश से है?**
   (1) अमेरिका (2) रूस
   (3) फ्रांस (4) भारत
3. **'ऑपरेशन इराकी फ्रीडम' के बारे में कौनसा कथन गलत है?**
   (1) इराक पर हमला करने के इच्छुक अमेरिकी अगुआई वाले गठबंधन में 40 से ज्यादा देश शामिल हुए
   (2) इराक पर हमले का कारण बताते हुए कहा गया कि हमला इराक को सामूहिक संहार के हथियार बनाने से रोकने के लिए किया जा रहा है
   (3) इस कार्यवाही से पहले संयुक्त राष्ट्र संघ की अनुमति ले ली गई थी
   (4) अमेरिकी नेतृत्व वाले गठबंधन को इराकी सेना से तगड़ी चुनौती नहीं मिली
4. **इराक ने कुवैत पर कब अधिकार किया?**
   (1) अगस्त 1990 (2) अगस्त 1989
   (3) अगस्त 1992 (4) अगस्त 1993
5. **अमेरिकी प्रभुत्व का दौर जाना जाता है–**
   (1) शीत युद्ध (2) एक ध्रुवीय विश्व
   (3) द्विध्रुवीय विश्व (4) इनमें से कोई नहीं
6. **अमेरिका स्थित न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकी हमला कब हुआ?**
   (1) 11 सितंबर 1991 (2) 11 सितंबर 1998
   (3) 11 सितंबर 2001 (4) 11 सितंबर 2003
7. **अमेरिका ने आतंकवाद के विरुद्ध कौनसा अभियान चलाया?**
   अमेरिका ने आतंकवाद के विरुद्ध ऑपरेशन एण्डयूरिंग फ्रीडम चलाया।
8. **ऑपरेशन इराकी फ्रीडम किस देश के विरुद्ध अपनाया गया?**
   ऑपरेशन इराकी फ्रीडम अमेरिका द्वारा इराक के विरुद्ध अपनाया गया।
9. **'हेजेमनी' (वर्चस्व) का अर्थ बताइए।**
   हेजेमनी शब्द का अर्थ है– सभी क्षेत्रों जैसे सैन्य, आर्थिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में विश्व स्तर पर एकमात्र शक्ति का केन्द्र होना।
10. **'ऑपरेशन इनफाइनाइट रीच' किस अमेरिकन राष्ट्रपति के आदेश से किया गया था?**
    अमेरिकन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के आदेश से ऑपरेशन इनफाइनाइट रीच किया गया था।

Youtube Channel : Siddhi Vinayak Sangaria

11. अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने अपने कार्यकाल के दौरान किन मुद्दों पर अधिक जोर दिया?

अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने अपने कार्यकाल के दौरान लोकतंत्र को बढावा, जलवायु परिवर्तन तथा विश्व व्यापार जैसे नरम मुद्दों पर अधिक जोर दिया।

12. अमेरिकी वर्चस्व की शुरूआत कब हुई?

1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद अमेरिकी वर्चस्व की शुरूआत हुई।

13. पेंटागन क्या है?

पेंटागन, अमेरिका के रक्षा विभाग का मुख्यालय है।

14. 9/11 की घटना के लिए किस आतंकवादी गुट को जिम्मेदार माना गया?

9/11 की घटना के लिए अलकायदा आतंकवादी गुट को जिम्मेदार माना गया।

15. 9/11 की घटना से आपके विचार में अमेरिकी सोच में क्या बदलाव आया?

9/11 की घटना के बाद अमेरिका ने आतंकवाद को विश्वव्यापी समस्या माना।

16. 'बैण्ड वैगन' रणनीति क्या है?

वर्चस्व वाले देश का विरोध करने की बजाय उसके वर्चस्व तंत्र में रहते हुए अवसरों का फायदा उठाने की रणनीति, बैण्ड वैगन कहलाती है।

17. ब्रेटन वुड प्रणाली क्या है?

ब्रेटन वुड प्रणाली का अर्थ है– विश्व व्यापार के नियम अमेरिकी हित के अनुसार तय करना।

18. 'ऑपरेशन इराकी फ्रीडम' द्वारा अमेरिका के इराक पर किए गए हमले का वास्तविक मकसद क्या था?

1. इराक के तेल भण्डार पर नियंत्रण स्थापित करना।
2. इराक में अमेरिका की मनपंसद सरकार कायम करना।

19. 'ऑपरेशन एण्डयूरिंग फ्रीडम' के अंतर्गत क्या–क्या कदम उठाए गए?

1. अलकायदा और तालिबान को निशाना बनाया गया।
2. संदेहास्पद लोगों को गिरफ्तार कर 'ग्वांतानामो–बे' में रखा गया।

20. मार्शल योजना क्या है?

अमेरिका द्वारा यूरोपीय देशों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई थी, इसे ही मार्शल योजना कहा गया।

Class – 12th NCERT राजनीति विज्ञान के प्रत्येक अध्याय को अच्छे से समझने के लिए सिद्धि विनायक संगरिया यू–ट्यूब चैनल पर आप वीडियो देखें। इसके लिए आपको चैनल की प्ले–लिस्ट NCERT POL SCIENCE|2021-22|Class 12 (https://www.youtube.com/watch?v=T1_JmzbsaAM&list=PLIlq5TfwxGWF7iVqpMJgSuc6OVr8kERaU) में अध्यायवार सभी वीडियो एकसाथ मिलेंगे। आप भी पढ़ें और अपने साथियों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करें।

धन्यवाद

सिद्धि विनायक संगरिया टीम

Youtube Channel : Siddhi Vinayak Sangaria